# केन्द्रीय विद्यालय संगठन (जयपुर संभाग)

| | | |
|---|---|---|
| | मासिक परख – अगस्त, 2022-23 | |
| | विषय–हिंदी (आधार) विषय कोड–302 | |
| निर्धारित समय : 90 मिनट | कक्षा–बारहवीं | अधिकतम अंक-40 |

<u>सामान्य निर्देश –</u>

- निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानीपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-
- इस प्रश्न पत्र में वस्तुनिष्ठ / वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं।
- सभी प्रश्नों के उत्तर देने हैं।
- प्रश्नों में आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।

| प्रश्न संख्या | पठित काव्यांश एवं गद्यांश | अंक |
|---|---|---|
| प्रश्न 1. | निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए :-<br>कविता एक खिलना है फूलों के बहाने<br>कविता का खिलना भला फूल क्या जाने !<br>बाहर – भीतर<br>इस घर, उस घर<br>बिना मुरझाए महकने के माने<br>फूल क्या जाने ?<br>1. कविता की तुलना किसके साथ की गई है ?<br>(क)कवि के साथ<br>(ख) हवा के साथ<br>(ग)फूल के साथ<br>(घ)विचारों के साथ<br>2. कविता के खिलने का क्या अर्थ है ?<br>(क) कविता समाप्त हो जाना<br>(ख) नए भाव और अर्थ ग्रहण करके विकसित होना<br>(ग)अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करना<br>(घ)कोई नहीं<br>3 'कविता के बहाने' कविता के अनुसार बिना मुरझाए कौन महकता है ?<br>(क) बच्चे<br>(ख) फूल<br>(ग) फल<br>(घ) कविता<br>4. कविता की एक बार रचना होने पर क्या होता है ?<br>(क) कविता अपनी महक बिखेरती है<br>(ख) कविता अनंतकाल तक अपना अस्तित्व बनाए रखती है<br>(ग) कविता मुरझाने लगती है<br>(घ) कविता आनंदित करती है. | 5x1=5 |

| | | |
|---|---|---|
| | 5. 'फूल क्या जानें? इस पंक्ति मे अलंकार है ?<br>(क) अनुप्रास<br>(ख) उपमा<br>(ग) यमक अलंकार<br>(घ) प्रश्न अलंकार | |
| प्रश्न 2. | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए :-<br>एक बार वह 'दंगल' देखने श्यामनगर मेला गया ।पहलवानों की कुश्ती और दांव-पेंच देखकर उससे नहीं रहा गया । जवानी की मस्ती और ढोल की ललकारती हुई आवाज़ ने उसकी नसों में बिजली उत्पन्न कर दी । लुट्टन ने बिना कुछ सोचे-समझे दंगल में 'शेर के बच्चे' को चुनौती दे दी ।<br>'शेर के बच्चे' का असल नाम चांद सिंह था । वह अपने गुरु पहलवान बादल सिंह के साथ, पंजाब से पहले-पहल श्यामनगर मेले में आया था । सुंदर-जवान, अंग-प्रत्यंग से सुंदरता टपक पड़ती थी । तीन दिनों में ही पंजाबी और पठान पहलवानों के गिरोह के अपनी जोड़ी और उम्र के सभी पट्ठों को पछाड़कर उसने 'शेर के बच्चे' की टायटिल प्राप्त कर ली थी । इसलिए वह दंगल के मैदान में लंगोट लगाकर एक अजीब किलकारी भरकर छोटी दुलकी लगाया करता था । देशी नौजवान पहलवान, उससे लड़ने की कल्पना से भी घबराते थे ।अपनी टायटिल को सत्य प्रमाणित करने के लिए ही चांद सिंह बीच-बीच में दहाड़ता फिरता था ।<br>1. पहलवान चाँद सिंह के गुरु का क्या नाम था ?<br>(क) काला खाँ<br>(ख) श्याम सिंह<br>(ग) बादल सिंह<br>(घ) सूर्य सिंह<br>. 2.लुट्टन ने पहलवान चाँद सिंह को कहाँ के दंगल में हराया था ?<br>(क) गोपाल नगर के<br>(ख) श्याम नगर के<br>(ग) भाव नगर के<br>(घ) राम नगर के<br>3. लुट्टन ने किसकी प्रेरणा से कुश्ती में विजय प्राप्त की ?<br>(क) राजा साहब की<br>(ख) पंचायत की<br>(ग) लोगों की<br>(घ) ढोलक की<br>4. चाँद सिंह किस टायटिल को सत्य प्रमाणित करने के लिए दहाड़ता था ?<br>(क) राज पहलवान<br>(ख) राजा साहब<br>(ग) गुरु<br>(घ) शेर के बच्चे | 1X5=5 |

| | | |
|---|---|---|
| | 5. कुश्ती देखकर किसकी नसों में बिजली उत्पन्न हो गई थी?<br>(क) राजा श्यामानंद की<br>(ख) बादलसिंह की<br>(ग) लुट्टन की<br>(घ) चाँद सिंह की | |
| | **अभिव्यक्ति और माध्यम पर आधारित प्रश्न** | |
| प्रश्न 3. | निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए<br><br>1.पत्रकारों के कितने प्रकार माने गए हैं ?<br>(क) तीन<br>(ख) चार<br>(ग) पांच<br>(घ) छह<br><br>2. किसी समाचार संगठन के लिए एक निश्चित मानदेय पर काम करने वाले पत्रकार क्या कहलाता है ?<br>(क) स्वतंत्र पत्रकार<br>(ख) पूर्णकालिक पत्रकार<br>(ग) अंशकालिक पत्रकार<br>(घ) फ्रीलांसर पत्रकार<br><br>3. समाचार लेखन की प्रचलित शैली को किस नाम से जाना जाता है ?<br>(क) उलटा पिरामिड – शैली<br>(ख) सीधा पिरामिड – शैली<br>(ग) कथात्मक – शैली<br>(घ) विवेचनात्मक - शैली ।<br>4. समाचार लेखन के लिए कितने ककार आवश्यक हैं ?<br>(क) दो<br>(ख) तीन<br>(ग) पांच<br>(घ) छह<br>5. फ़ीचर से क्या अभिप्राय है ?<br>(क) फ़ीचर एक अव्यवस्थित, मौलिक और आत्मनिष्ठ लेखन है<br>(ख) फ़ीचर केवल आंकड़ों पर आधारित होता है | 1×5=5 |

| | | |
|---|---|---|
| | (ग) फ़ीचर एक सुव्यवस्थित, सृजनात्मक और आत्मनिष्ठ लेखन है<br>(घ) फ़ीचर एक अव्यवस्थित, सृजनात्मक और आत्मनिष्ठ लेखन है ।<br>6. संपादकीय लेखन में संपादक का नाम न लिखने का क्या कारण है ?<br>(क) संपादकीय व्यक्ति विशेष की आवाज होती है<br>(ख) संपादकीय में व्यक्ति विशेष के विचार न होकर पूरे समाचार पत्र समूह की आवाज होती है-<br>(ग) संपादकीय लिखने का कार्य केवल संपादक करते हैं<br>(घ) इनमें से कोई नहीं । | |
| | अनुपूरक पुस्तक वितान -2 | |
| प्रश्न 4. | निम्नलिखित में से <u>किन्हीं पाँच प्रश्नों</u> के उत्तर के लिए सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए<br>1- 'जूझ', पाठ के मुख्य पात्र का क्या नाम है ?<br>(क)-देसाई सरकार<br>(ख)- चह्वाण<br>(ग)-आनंदा<br>(घ) -रत्नाप्पा<br>2-'जूझ' पाठ किस विधा में लिखा गया है ?<br>(क)-यात्रा-वृतांत<br>(ख)-रेखाचित्र<br>(ग)-आत्मकथात्मक उपन्यास<br>(घ)-रिपोर्ताज़<br>3. 'जूझ' कहानी का शीर्षक किस संघर्ष की अभिव्यक्ति है ?<br>(क)-आनंदा द्वारा जमींदारी के विरोध का संघर्ष \|<br>(ख)-आनंदा का शिक्षा के लिए संघर्ष \|<br>(ग)-आनंदा का माँ के अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष \|<br>(घ)-सभी उत्तर सही हैं \|<br>4- 'जूझ' कहानी में लेखक के पिता ने उसे विद्यालय भेजने के लिए क्या शर्त रखी?<br>(क)-पाठशाला जाने से पहले ग्यारह बजे तक खेत में काम करना होगा तथा पानी लगाना होगा।<br>(ख)-अगर किसी दिन खेत में ज्यादा काम होगा तो उसे पाठशाला नहीं जाना होगा।<br>(ग)-छुट्टी होने के बाद घर में बस्ता रखकर सीधे खेत पर आकर घंटा भर ढोर चराना होगा।<br>(घ)- उपर्युक्त सभी<br>5.-मराठी अध्यापक के अध्यापन से लेखक में क्या नए परिवर्तन आए?<br>(क)-वह खेत में अकेले काम करते हुए मास्टर के अभिनय,यति-गति,आरोह-अवरोह की नकल करते हुए खुले कंठ से कविता गाता \|<br>(ख)-लेखक को अब अकेले रहना अच्छा लगने लगा \| | 5×1=5 |

| | | |
|---|---|---|
| | (ग)-लेखक धीरे-धीरे मास्टर के बताए राग से अलग भी कविताओं को गाने लगा \|<br>(घ)-उपर्युक्त सभी<br>6."अब तू जा, कहना जीमने बुलाया है।"यहाँ जीमने का क्या अर्थ है?<br>(क) कोल्हू चलाना<br>(ख) गुड़ निकालना<br>(ग) भोजन करना<br>(घ) फसल काटना | |
| प्रश्न संख्या | पाठ्यपुस्तक ‘आरोह’ (भाग–2) | अंक |
| प्रश्न 5. | **निम्नलिखित 03 प्रश्नों में से किन्हीं 02 के उत्तर दीजिए।** | 2+2=4 |
| (I) | ‘भाषा को सहूलियत ‘से बरतने से क्या अभिप्राय है? | |
| (II) | कविता के संदर्भ में ‘बिना मुरझाए महकने के माने‘ क्या होते हैं? | |
| (III) | ‘हम समर्थ शक्तिवान और हम एक दुर्बल को लाएँगे’ पंक्ति के माध्यम से कवि ने क्या व्यंग्य किया है? | |
| प्रश्न 6. | **निम्नलिखित 03 प्रश्नों में से किन्हीं 02 के उत्तर दीजिए।** | 3+3=6 |
| (I) | कैमरे में बंद अपाहिज करुणा के मुखौटे में छिपी क्रूरता की कविता है – विचार कीजिए। | |
| (II) | निम्न पंक्तियों का अभिप्राय स्पष्ट करें -<br>ज़ोर ज़बरदस्ती से<br>बात की चूड़ी मर गई<br>और वह भाषा में बेकार घूमने लगी। | |
| (III) | ‘उड़ने‘ और ‘खिलने‘ का कविता से क्या संबंध बनता है? | |
| प्रश्न 7. | **निम्नलिखित 03 प्रश्नों में से किन्हीं 02 के उत्तर दीजिए।** | 2+2=4 |
| (I) | ढोल की आवाज़ का पूरे गाँव पर क्या असर होता था? | |
| (II) | राजकुमार के आने पर क्या-क्या परिवर्तन हुए ? पहलवान की ढोलक पाठ के आधार पर लिखिए। | |
| (III) | लुट्टन सिंह अपने पुत्रों को ढोल के विषय में क्या बताता था ? | |
| प्रश्न 8. | **निम्नलिखित 03 प्रश्नों में से किन्हीं 02 के उत्तर दीजिए।** | 3+3=6 |
| (I) | कहानी के किस-किस मोड़ पर लुट्टन के जीवन में क्या-क्या परिवर्तन आए? | |

| | | |
|---|---|---|
| (II) | गाँव में महामारी फैलने और अपने बेटों के देहांत के बावजूद लुट्टन पहलवान ढोल क्यों बजाता रहा? | |
| (III) | कुश्ती या दंगल पहले लोगों और राजाओं का प्रिय शौक हुआ करता था। पहलवानों को राजा एवं लोगों के द्वारा विशेष सम्मान दिया जाता था –<br>1. ऐसी स्थिति अब क्यों नहीं है?<br>2. इसकी जगह अब किन खेलों ने ले ली है?<br>3. कुश्ती को फिर से प्रिय खेल बनाने के लिए क्या-क्या कार्य किए जा सकते हैं? | |